तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

13 जंगली हाथियों ने फसल रौंदा, मुआवजा मांग को लेकर...

14 जिपं में 15वें वित्त आयोग की राशि पर बवाल ...




Pahlajanis' IVF
लक्ष्मी नारायणा हॉस्पिटल
पहलाजानीस IVF एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों से नि:शुल्क परामर्श* छुरा
रजिस्टेशन के लिए कॉल करें *T&C Apply
9109114635/9109110784
- IVF/IUI/ICSI/ टेस्ट ट्यूब बेबी
- बांझपन या उप प्रजनन क्षमता
- मासिक धर्म स्वच्छता ज्ञान
- सफेद पानी और पेरिनियल स्वच्छता
- उच्च जोखिम गर्भावस्था
- भारी या अनियमित मासिक धर्म
- PCOD/PCOS/ अंडाशय में सूजन

खून पेशाब जांच में 50% छूट
सोनोग्राफी (स्क्रीनिंग) नि:शुल्क
पहलाजानीस हॉस्पिटल से डॉ. श्रुति गजेन्द्र (महिला एवं बांझपन विशेषज्ञ) उपलब्ध रहेगी।
सोनोग्राफी स्क्रीनिंग नि:शुल्क
पेशाब जांच में 50% छूट
11 अक्टूबर 2025 (शनिवार)
11:00 बजे से 02:00बजे
लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल कोमाखान रोड, छुरा (छ. ग)


## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा $10^{th}$/ $12^{th}$/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

इच्छुक छात्र आवेदन करें, अंतिम तिथि : 16/10/2025
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

Advt.

आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

# दल से बिछड़ा हाथी हुआ बीमार, इलाज के लिए ट्रेकुलाइज की अनुमति मांगी गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आई है। मैनपुर के आसपास पिछले एक माह से विचरण कर रहे हाथियों के दल से बिछड़ा एक हाथी बीमार पड़ गया है। यह हाथी पिछले कुछ दिनों से चारा-पानी छोड़ चुका है, जिससे वन विभाग में गहरी चिंता है। दल से बिछड़ा यह हाथी राजापड़ाव और गौरगांव इलाके के कई गांवों में किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा था। अब इस हाथी की सेहत दिनोदिन गिर रही है। वन विभाग को अंदेशा है कि हाथी के मुंह में छाला या कोई अन्य बीमारी है, जिसके कारण उसे चारा खाने में परेशानी आ रही है। हाथी की गिरती सेहत को देखते हुए वन विभाग उसके इलाज के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। विभाग ने हाथी के इलाज के लिए गन के माध्यम से ट्रेकुलाइज (बेहोश) कर इलाज करने की अनुमति मांगी है। उपनिदेशक, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व, वरुण जैन ने बताया कि अनुमति मिलते ही हाथी का ट्रेकुलाइज कर इलाज किया जाएगा।

फिलहाल, बीमार हाथी पर ड्रोन कैमरा और वन कर्मचारियों के दल के द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है। वरुण जैन ने बताया कि दो दिन से हाथी चारा चर रहा है और उसकी उम्र 10 से 12 वर्ष के आसपास है।

### बीमार हाथी पर ड्रोन कैमरा से नजर रखी जा रही




### मैनपुर क्षेत्र में हाथियों का लगातार विचरण

उल्लेखनीय है कि मैनपुर मुख्यालय के आसपास पिछले एक माह से भी अधिक समय से हाथियों का दल विचरण कर रहा है। यह दल लगातार नेशनल हाईवे 130 सी पर पहुंचकर सड़क जाम कर रहा है और खेतों में धान तथा मक्के की फसल को जमकर नुकसान पहुंचा रहा है। पिछले दिनों यह दल तीन भागों में बंट गया था। इनमें से ही एक हाथी बिछड़कर राजापड़ाव के नजदीक जरहीडीह तथा आसपास के गांवों में फसलों को नुकसान पहुंचा रहा था, जो अब बीमार हो गया है। अधिकारियों के अनुसार, यह हाथी वर्तमान में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के गरियाबंद और धमतरी जिले की सीमा पर पहुंच गया है।

## खबर संक्षेप

### खुशवंत गुरु एवं अशोक बजाजआज राजिम में लेंगे पत्रकार वार्ता

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज भारतीय जनता पार्टी के आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी संकल्प अभियान के संदर्भ में आज 12 बजे राजिम में पत्रकार वार्ता लेंगे। इसके पश्चात 2 बजे से 5 बजे तक प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में सहयोग केंद्र में बैठकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगें।

### बूथ लेवल एजेंट्स को तहसील कार्यालय में दिया गया प्रशिक्षण



**मैनपुर।** तहसील कार्यालय मैनपुर में बुधवार को बीएलए के तहत राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी के बूथ लेबल पर ट्रेनिंग के लिए बैठक आयोजित किया गया था। तहसीलदार रमेश कुमार मेहता, मास्टर ट्रेनर आशीफ खान ने जानकारी दी। इस मौके पर रामदास वैष्णव, यमराज ओटी, अजय बघेल, रोहित नायक, जनकलाल यादव, चैनुराम, संतोश यादव, सोहन नागेश, टिकेन्द्र नेताम, सियाराम ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने भलेसर रोड नहर पार आम पेड़ के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी आकाश मारकंडे के कब्जे से कुल 06 लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रुपए एवं शराब बिक्री रकम 100 रुपए को बरामद किया है।

## हादसा : सीसीटीवी में कैद हुई लापरवाही, सर्जरी के दौरान महिला का पैर काटना पड़ा

# तेज रफ्तार हाईवा ने महिला कर्मचारी को रौंदा, आक्रोशित भीड़ ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

नवापारा में हाइवा से फिर एक दर्दनाक घटना की खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 7 बजे के आसपास नगर पालिका नवापारा की महिला कर्मचारी नंदनी साहू उम्र 30 वर्ष मेन रोड से होते हुए अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एमएल 4915 से मुक्तिधाम के पास मणिकंचन केंद्र जा रही थी। ये महिला बायीं तरफ अपने साइड में चल रही थी कि अचानक विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे हाइवा क्रमांक सीजी 04 जेके 8246 रोड डिवाइडर को क्रास करते हुए रांग साइड में गाड़ी घुसाकर इस महिला को अपनी चपेट में ले लिया। महिला के दोनो पैर बुरी तरह से कुचल गया है। घटना के तत्काल बाद आसपास के लोग दौड़े। बुरी तरह से घायल महिला को उठाया और अस्पताल के लिए रवाना किया। प्रत्यक्षदर्शियो के मुताबिक हाइवा चालक कुटेना गांव के रहने वाले परमेश्वर निषाद उम्र 30 वर्ष उस वक्त भागने के फिराक में था कि सामने से आ रहे दौड़ते लोगो के भीड़ होने के कारण भाग नही पाया और मजबुरी में अपनी गाड़ी उन्हें रोकना पड़ा। गाड़ी के रूकते ही भीड़ में खड़े लोगो ने ड्राईवर की जमकर धुनाई की। खबर पाकर ▸▸ शेष पेज 13 पर



### हर संभव मदद करेंगे : नपा अध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू देर रात तक महिला के परिजनों के साथ उच्चस्तरीय ईलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में मौजूद है। उन्होने शासन स्तर में हर संभव मदद के लिए कहा है। देर रात घायल महिला के परिजनों ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि बांया पैर को घुटने तक काटकर अलग करना पड़ा है जबकि दाहिना पैर जंघा तक चार जगहो से फ्रेक्चर है जिनका ऑपरेशन दोपहर 3 बजे से जारी है।



### आक्रोशित नागरिकों ने किया चक्का जाम, बड़े वाहनों पर प्रतिबंध की मांग

इस दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम की खबर पर नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची। उल्लेखनीय है कि शहर के बीच से निकलते हुए भी तेज रफ्तार हाइवा की गति कम नही होती। शहर के मेन रोड में ब्रेकर बनाने की मांग करते शहरवासी थक गए परंतु आज तक विभागीय अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। जबकि भाजपा नेता अशोक बजाज ने साल भर पहले विभाग के उच्चाधिकारियों को ब्रेकर बनाने के लिए एक पत्र भी लिखा जिसका असर भी आज तक नहीं हुआ। परिणाम स्वरूप आए दिन इस मार्ग पर कहीं न कहीं दुर्घटना हो ही रही है जिसमें लोगों की जाने जा रही है। यह दुर्घटना भी शहर के भीतर मेन रोड में रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने हुई है। देखने में आता है कि हाईवा जैसे भारी भरकम वाहन को 16 से 20 साल के ऐसे नौसीखिए चालक चलाते दिखते हैं, अधिकांश के पास लायसेंस भी नहीं रहता। आज के इस दुर्घटना को देखकर हर किसी का दिमाग बहुत ज्यादा खराब हो गया है। नागरिको ने दिन में हाइवा जैसे बड़े वाहनो के चलाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग शासन-प्रशासन से किया है।

## खेत में काम कर रही महिला पर तेंदुए ने किया हमला

**रसेला।** क्षेत्र में तेंदुए का आतंक लगातार जारी है। ग्राम कोटीगांव बुधवार को एक तेंदुए ने खेत में काम कर रही एक महिला पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान है। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, कोठीगांव निवासी प्यारे राम गोंड की पत्नी हेमलता गोंड (41) बुधवार को खेत में काम कर रही थीं, तभी अचानक झाड़ियों से एक तेंदुआ निकल आया और उन पर हमला कर दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों को देख तेंदुआ खेत से जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी और घायल महिला को तुरंत छुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार महिला की हालत सामान्य है।



**वन विभाग ने बढ़ाई गश्त :** घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और महिला का हालचाल जाना। वनकर्मियों ने नियमानुसार पीड़िता को तत्काल सहायता राशि प्रदान की। तेंदुए की मौजूदगी ने वन विभाग की सतर्कता बढ़ा दी है। वनकर्मियों ने तेंदुए की गतिविधियों पर नजंर रखने ▸▸ शेष पेज 13 पर

## चौकसील पहाड़ी में गढ़िया माता मेला का हुआ समापन

**मैनपुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चौकसील पहाड़ी के ऊपर गढ़यिा माता के दरबार में तीन दिवसीय भव्य मेला का सफल आयोजन किया गया। यह मेला क्षेत्र, बस्तर, ओडिशा और छत्तीसगढ़ प्रदेश के कोने-कोने से आए आदिवासी समाज के लोगों और देवी-देवताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति से आस्था और संस्कृति का संगम बन गया। मेला का विधिवत समापन देर शाम तक विदाई समारोह के साथ हुआ, जहाँ पारंपरिक रूप से पान-सुपारी भेंट की गई। चौकसील पहाड़ी के ऊपर, शरद पूर्णिमा की रात एक शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ओडिशा प्रांत के कलाकारों ने भी नृत्य प्रस्तुत किया। पूरी रात चले इस कार्यक्रम ने हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्षेत्र के लोगों के लिए ▸▸ शेष पेज 13 पर



## भक्त माता राजिम की 80 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा की स्थापना शीघ्र होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

धर्मनगरी राजिम में भक्त माता राजिम की भव्य प्रतिमा स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के घोषणा अनुसार राजिम संगम तट पर भव्य कांस्य प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। इसी दिशा में जिला प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाते हुए समिति की प्रथम बैठक आज लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, राजिम में आयोजित की गई। बैठक में राजिम विधायक श्री रोहित साहू, कलेक्टर श्री बी एस उईके, राजस्व विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मूर्ति स्थापना हेतु उपयुक्त स्थान के चयन, राजस्व स्वामित्व, नक्शा-खसरा परीक्षण तथा विवाद रहित प्रक्रिया सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रतिमा स्थापना पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनभावनाओं के अनुरूप की जाएगी। त्रिवेणी संगम तट पर होगी स्थापना - इस अवसर पर राजिम विधायक श्री साहू ने कहा कि भक्त माता राजिम छत्तीसगढ़ की आस्था, संस्कृति और पहचान का प्रतीक हैं। त्रिवेणी संगम तट पर उनकी भव्य ▸▸ शेष पेज 13 पर



### स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की तर्ज पर की जा रही तैयार

प्रतिमा होगी क्षेत्र की नई पहचान - 7 जनवरी 2025 को भक्तिन माता राजिम जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रतिमा निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये की घोषणा की थी। प्रस्तावित प्रतिमा लगभग 80 फीट ऊँची एवं 18 टन वजनी होगी, जिसे कांस्य धातु से निर्मित किया जाएगा। प्रतिमा की संरचनात्मक स्थिरता भूकंप, बाढ़ एवं अधिक वर्षा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग किया जाएगा। मूर्ति का स्वरूप गुजरात में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की तर्ज पर तैयार किया जाएगा।

## कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने दो श्रद्धालु बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# श्री रामलला दर्शन योजना के तहत जिले से 94 श्रद्धालुओं का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

राज्य शासन द्वारा लोगों को अयोध्या धाम एवं काशी विश्वनाथ दर्शन कराने के लिए श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत दर्शनार्थियों को अयोध्या धाम में श्री रामलला का निःशुल्क दर्शन कराया जा रहा है। साथ ही काशी विश्वनाथ का भी भ्रमण कराया जा रहा है। शासन द्वारा प्रत्येक जिलों से चयन कर सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। इसी क्रम में आज कलेक्टर बीएस उइके, उप संचालक समाज कल्याण डी.पी ठाकुर सहित वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, सुरेन्द्र सोनटेके ने गरियाबंद जिले से भी दर्शनार्थियों से युक्त 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम के ▸▸ शेष पेज 13 पर




### रहने-खाने और सुरक्षा की रहेगी पूरी व्यवस्था

गरियाबंद जिले से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं ने राज्य शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या धाम जाकर प्रभु श्रीराम जी के दर्शन का अवसर मिलेगा, जिससे वे अत्यंत आनंदित हैं। श्रद्धालुओं की अयोध्या जाने की इच्छा पूरी करने वाली इस योजना के लिए जिले के श्रद्धालु ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। निःशुल्क यात्रा के साथ खाने, पीने और रहने की भी व्यवस्था की गई है। इससे श्रद्धालुओं पर कोई आर्थिक बोझ भी नही बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेंगे।

खबर संक्षेप

## माध्यमिक शाला पांडुका में हुआ सामाजिक अंकेक्षण



**पांडुका।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका में आज मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। अंकेक्षण प्रमुख श्री पीएल वर्मा व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पांडुका एवं उपस्थित समुदाय के द्वारा छात्र-छात्राओं से निर्धारित 20 बिंदुओं में प्रश्न पूछा गया। बच्चों के उत्तर से सभी संतुष्ट हुए। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पांडुका के उपसरपंच खिलेश्वर द्विवेदी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रुद्राणी सेन, उपाध्यक्ष त्रिलोक साहू, पूर्व उपाध्यक्ष शशि साहू, शिक्षाविद गुणवंत साहू, शिक्षक भूपेंद्र कुमार साहू, कार्यालय सहायक मेघा मिश्रा, मनोज चक्रधारी पालक सदस्य तामेश्वरी तारक ,संगीता महिलांगे तथा ज्योति महिला स्व सहायता समूह के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे, जिनके द्वारा न्योता भोज का आयोजन भी कराया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अभिजीत तिवारी ने तथा आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक एम एल तारक ने किया।

## जामगांव परिक्षेत्र साहू समाजके दोहन राम बने नए अध्यक्ष



**छुईहा बेलर।** प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार तहसील साहू संघ के मार्गदर्शन में जामगांव परिक्षेत्र साहू समाज का निर्वाचन कार्यक्रम मंगलवार को सम्पन्न हुआ।
समाजिक चुनाव में अध्यक्ष दोहन राम साहू , उपाध्यक्ष हीरालाल साहू, महिला उपाध्यक्ष डागेश्वरी साहू, संगठन मंत्री उमेंद साहू, त्रिवेणी साहू निर्वाचित हुईं। चुनाव उपरांत सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों चुनाव अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र जारी किया गया जिसे वरिष्ठ समाजिक पदाधिकारी के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। प्रदेश साहू संघ पुर्व अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू,तहसील साहू संघ अध्यक्ष रामजी साहू ने पदभार एवं शपथ वाचन कराया गया।चुनाव सम्पन्न कराने मेंनिर्वाचन अधिकारी रामजी साहू, एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी पवन साहू, झाड़ूराम साहू, संगीता साहू, नारायणें साहू, घनश्याम साहू की है।
इस मौके पर पूर्व जामगांव परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोहर साहू ,पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी जागेश्वर साहू, पर्यवेक्षक विष्णु साहू, शांतु साहू एवं ईश्वर साहूगेंदलाल साहू, कुंजबिहारी साहू, कुंजनलाल साहू ,नगर साहू संघ फिंगेश्वर अध्यक्ष उमाशंकर साहू, मिंजून साहू, गंगाराम साहू, आनंदराम साहू, नेता राम साहू, निरेद रामकिशुन, हुमन साहू, भुवन साहू, देवचरण ठाकरे, दीना राम साहू, पन्ना लाल साहू, करण साहू, देवी नारायण साहू, विनोद कुमार साहू, दयाराम साहू, अवध साहू, ओमप्रकाश साहू, हरिशंकर साहू, कृषकुमार साहू, यशवंत साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज उपस्थित रहे।

# धमनी स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता के आकलन हेतु शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। सामाजिक अंकेक्षण में सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल ध्रुव, राधेश्याम साहू सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर, ग्राम पंचायत धमनी के सरपंच रामकली रामानंद ध्रुव, संकुल समन्वयक सुखेन साहू, अंकेक्षण दल प्रमुख श्याम कुमारी यादव प्रधान पाठक बहेरापाली की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। संकुल समन्वयक द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान सामाजिक अंकेक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों एवं पालकों को दी गई। सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल ध्रुव ने बच्चों के सवांर्गीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि पालक, बालक और शिक्षक के सामुहिक प्रयास से ही बच्चों की शैक्षणिक, बौद्धिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास सम्भव होगा। सभापति राधेश्याम साहू ने विद्यालय के भौतिक परिवेश एवं शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए बच्चों की बौध्दिक क्षमता का आकलन किया।



### उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना

सामाजिक अंकेक्षण के तहत अंकेक्षण दल प्रमुख श्याम कुमारी यादव ने बच्चों का मुल्यांकन करते हुए भाषा, गणित, अंग्रेजी तथा सामान्य बोध के प्रश्नों के द्वारा बच्चों के अधिगम स्तर का आकलन किया।बच्चों ने भी उत्साहित होकर प्रश्नों के उत्तर दिये। पालकों ने भी बच्चों से स्थानीय परिवेश, तार्किक एवं सामान्य अध्ययन के प्रश्नों के द्वारा बच्चों का आकलन किए जिसमें सभी बच्चों के द्वारा उपयुक्त उत्तर दिया गया। इस अवसर पर शिक्षक महेन्द्र पंत ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के बारे में बताया कि यह हमारे मुख्यमंत्री की एक महात्वाकांक्षी अभियान है जिसका उद्देश्य विद्यालय के भौतिक परिवेश को आकर्षक बनाते हुए प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। पालकों की सहभागिता एवं उच्च अधिकारियों के सहयोग से शिक्षकों के द्वारा बच्चों के सवांर्गीण विकास के लिए विशेष पहल करना है। कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक गोप कुमार साहू, शिक्षक महेन्द्र पंत, गैंद लाल साहू, उत्तम भारती, प्रिति नायक, पदमनी साहू, अनिता राजपूत, मनीषा दिवान, रामनंद ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गजेंद्र साहू, गुणित राम साहू, कोमल यादव, रामबगस साहू, दिलीप साहू, पुरुषोत्तम साहू, मीना कुर्रे, प्रेमीन साहू, गीता साहू, संतोषी सेन, वंदना साहू, वीणा तारक, उषा तारक, सुखवन्तीन बाई, पालकगण, प्रबंधन समिति के सदस्य तथा छात्र- छात्राएं उपस्थिति थे।

## घोघरा स्कूल में सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला घोघरा मे आज दिनांक 8 सिंतबर 2025 को मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शाला प्रबंधन समिति एवं पालक गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में प्राथमिक स्तर के प्रश्नावली पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया तथा छात्र-छात्राओ का स्तर के आधार पर प्रश्न पूछा गया बच्चे स्तर के आधार पर जवाब दिए इसमें पालक गण संतुष्ट हुए। एमडीएम तहत न्योता भोजन का भी आयोजन किया गया शाला परिसर की साफ सफाई का अवलोकन किया गया। सभी लोग न्योता भोजन ग्रहण किए। सामाजिक अंकेक्षण के प्रमुख राकेश कुमार पांडेय प्रधानपाठक प्रखर सिंह ध्रुव, कामना दास मानिक, धर्मेंद्र कुमार साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रमिला साहू और भीखम लोहिले एवं पालक गण की उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण पूरा किया गया।

# भेंडरी स्कूल में सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन, रेवतीरमन ने दिया न्योता भोज

**कोपरा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शासन के निर्देशानुसार आज 8 अक्टूबर को शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी (लोहरसी) में सामाजिक अंकेक्षण एवं न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत भेंडरी की सरपंच तुलेश्वरी साहू, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी ऐलूराम साहू, उपसरपंच मोहनलाल साहू, सरपंच प्रतिनिधि लीलाराम साहू, सामाजिक अंकेक्षण दल प्रमुख महेन्द्र कुमार बंजारे, सेवा निवृत्त शिक्षक आर. ध्रुव, पालक सदस्य लक्ष्मी यादव और मुकेश कुमार साहू (अध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति) शामिल हुए। सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यालय के प्रति जनभागीदारी बढ़ाना और





पारदर्शिता के साथ उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करना है। कार्यक्रम के दौरान अंकेक्षण दल द्वारा शासन से मिले 20 प्रश्नों को रूब्रिक्स आधार पर सभी कक्षाओं में जाकर परखा गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सभी प्रश्नों के जवाब दिए, जिससे विद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। समीक्षा के दौरान विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, नामांकन, मिड-डे मील, पुस्तक वितरण, विद्यार्थियों की उपस्थिति और अधिगम स्तर की भी जांच की गई।


### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना ही सच्ची सेवा

इस मौके ग्राम पंचायत भेंडरी की सरपंच तुलेश्वरी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान शिक्षा के क्षेत्र में एक जनआंदोलन है। इसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने ग्रामीणों से विद्यालय के विकास में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं नवनियुक्त पटवारी रेवतीरमन साहू द्वारा बच्चों और अतिथियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। भोज में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने एक साथ भोजन कर एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। भोजन में बालूशाही, पूरी, खीर और पापड़ परोसे गए। विद्यालय के प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का संचालन रेखराम निषाद और आभार प्रदर्शन लालजी सिन्हा ने किया। इस अवसर पर शिक्षकों में टीकूराम ध्रुव, प्रदीप कुमार साहू, महेन्द्र कुमार, सहित ग्राम के जनप्रतिनिधि और 95 बच्चे उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने मनाया किशोर का जन्मदिन



**नवापारा-राजिम।** भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थको ने शहर के युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन का जन्मदिवस काफी धूमधाम से मनाया। शाम को मां काली मंदिर के सामने मेन रोड में भाजपा नेता प्रसन्न शर्मा, संजीव सोनी, दयालुराम गाड़ा, नीता धीवर, किशन साहू, भागवत सोनकर जैसे सैकड़ो समर्थकों के बीच किशोर ने केक काटा और मिठाई तथा भोग भंडारा वितरण किया। मालूम हो कि सुबह सबसे पहले वे नगर के लगभग 100 वर्ष पुराने श्री गोपाल गौशाला पहुंचे। गौ माताओं को हरा चारा खिलाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां से वे सीधे श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर समूचे क्षेत्र के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना किया। मंदिर से निकलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित आसरा भवन पहुंचे यहां वृद्धजनों को शाल, फल-बिस्किट तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल-बिस्किट वितरित किया। इसके बाद वार्ड नंबर 15 में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बीच पहुंचकर उनके बच्चों को कॉपी, पेन, कंपास और पठन सामग्री तथा मिष्ठान्न वितरित किया। यहां से कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित बस्ती पहुंचकर पालिका के सफाईकर्मियों द्वारा सम्मान कार्यक्रम में सम्मान ग्रहण किया। इस दौरान लोगों द्वारा लाए गए केक को किशोर ने, सुबह ही नगर में हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला सफाईकर्मी के गंभीर रूप से घायल होने की घटना के चलते, काटने से यह कहते हुए इंकार कर दिया कि उनकी सहकर्मी साथी के दुःख में उन सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो। किशोर के इस निर्णय का उपस्थित लोगों ने भी सम्मान किया। इसके बाद किशोर शीतलापारा स्थित गायत्री मंदिर पहुंचे यहां गायत्री परिवार के सदस्यों के सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक मां गायत्री की पूजा कर विश्व शांति व कल्याण की कामना की। गायत्री परिवार ने किशोर का विधिवत बहुमान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वार्ड क्रमांक 1 गोबरा बस्ती पहुंचकर भाजपा की वरिष्ठतम कार्यकर्ता 82 वर्षीय सुखबती साहू तथा अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का शाल श्रीफल भेंटकर देश में भाजपा के फर्श से अर्श तक की यात्रा में निःस्वार्थ योगदान देने के लिए सभी का हृदय से सम्मान कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया।



## कॉलेज में प्राचार्य व भवन निर्माण के लिए मंत्री टंकराम को सौंपा मांग पत्र

**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य नेहा सिंघल ने आज राजधानी रायपुर पहुंचकर छत्तीसगढ़ सरकार के खेलकूद युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा को मांगपत्र सौपकर शासकीय महाविद्यालय देवभोग में भवन निर्माण के साथ ही प्राचार्य नियुक्त करने की मांग किया जिस पर मंत्री ने जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल ने बताया आज कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा को मांगपत्र सौपकर देवभोग शासकीय श्यामशंकर मिश्रा महाविद्यालय में प्राचार्य नियुक्त करने की मांग किया है। उन्होने बताया देवभोग विकासखण्ड में एकमात्र शासकीय कॉलेज है जिसमें लगभग 800 छात्र छात्रएं अध्यनरत है बहुत से विशयो के व्याख्याता के साथ-साथ प्राचार्य भी नहीं है। गोहरापदर महाविद्यालय के प्राचार्य को ही देवभोग महाविद्यालय के प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है जिसके कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही महाविद्यालय में कमरों की कमी के चलते छात्र- छात्राओ को पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। यहां अतिरिक्त कमरा कक्ष का तत्काल निर्माण किया जाए साथ ही बाउंड्रीवाल आहता निर्माण की मांग किया है। उन्होने बताया की आहता निर्माण नहीं होने के कारण हमेशा असमाजिक तत्व व मवेशियों का जमवाड़ा लगा रहता है। जिस पर मंत्री टंकराम वर्मा ने जल्द समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया है।



# प्राथमिक, माध्यमिक और हाईस्कूल रसेला में हुआ अंकेक्षण

**रसेला।** माध्यमिक, प्राथमिक और हाईस्कूल रसेला के साथ संकुल रसेला के अंतर्गत सभी स्कूलों में 8 अक्टूबर को स्कूल प्रांगण में सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य मंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत रसेला संकुल केंद्र के सभी शासकीय शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण ( सोशल आडिट ) का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना है। ताकि, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। यह प्रक्रिया शिक्षकों और प्रबंधन की जवाबदेही करतीं हैं, छात्रों के सीखने के स्तर का मूल्यांकन करती है, और समुदाय को शिक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें निर्णय लेने में सशत्त बनातीं है। जिससे शिक्षा के अंतिम परिणामों में सुधार होता है। बच्चों के सीखने के स्तर का मूल्यांकन करना और कमजोर



स्कूलों में गुणवत्ता सुधार के लिए विशेष प्रयास और निरीक्षण करना ही इसका उद्देश्य है। माध्यमिक शाला के वरिष्ठ शिक्षक बालचंद नेताम ने बताया कि मा. शाला में दर्ज संख्या 130 है और आज छात्र छात्राओं की उपस्थिति 105 है इसी तरह प्राथमिक में दर्ज 71 उपस्थिति 62 है। सामाजिक अंकेक्षण में 20 बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। जिसमें स्कूल में बिजली, शौचालय, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय और जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता और उनकी कार्यक्षमता की चर्चा की गई। इस मौके पर सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, शाला समिति के अध्यक्ष अंजली कुंजाम, अंकेक्षण के टीम लीडर योगेश्वर कंवर, भीम कुमार साहू मौजूद थे। इस मौके पर सरपंच रुपादेवी ठाकुर ने कहा कि प्राथमिक और माध्यमिक शाला में अंकित तिथि एवं समयावधि में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य आज पालक,बालक, शिक्षक और जनप्रतिनिधि के बीच शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है।

# अतरमरा संकुल के शालाओं में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 प्रदेश के सभी विद्यालयों में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विद्यालय शिक्षकों एवं बच्चों की गुणवत्ता समुदाय के द्वारा किया जाना है। इसी प्रकार से गरियाबंद जिले में छत्तीसगढ़ शासन के आदेश अनुसार 6,7, 8 अक्टूबर 2025 को सभी विद्यालय में सामाजिक अंकेक्षण किया गया तथा इसके गहन एवं सतत निरीक्षण के लिए विभाग द्वारा टीम गठित किया गया है। शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत अतरमरा संकुल केंद्र के सभी विद्यालयों में सामाजिक अंकेक्षण शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इसके लिए सभी विद्यालय के संस्था प्रमुखों को दूसरे विद्यालय में अंकेक्षण प्रभारी बनाया गया था। संकुल प्राचार्य बी देवांगन, विनोद सिन्हा ने बताया कि इस दौरान डाइट रायपुर प्राचार्य जे के अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक अजय मिश्रा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हरमरा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डाइट प्राचार्य जे के अग्रवाल के द्वारा सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक तथा आसपास के वातावरण से संबंधित कक्षा अनुरूप किया गया। सभी बच्चों ने संतोष प्रद उत्तर दिए तथा अधिकारियों के द्वारा वहां उपस्थित सभी समुदाय को विद्यालय विकास एवं गुणवत्ता सुधार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक पालक और बालक का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। तीनों मिलकर नए भविष्य का निर्माण करते हैं। बच्चे अपने आसपास के वातावरण से सीखते हैं। उन्हें सीखने के लिए फलों के द्वारा माहौल तैयार करना चाहिए।



### प्रधान पाठकों का लिया गया था बैठक

संकुल प्राचार्य बी देवागन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के सफल क्रियावायन के लिए संकुल के अंतर्गत आने वाली सभी प्रधान पाठकों का आवश्यक बैठक लेकर उच्च कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देश एवं जानकारी को अवगत करा कर अपने विद्यालय में आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित दिए किए गए थे।

## प्रतियोगिता में नित्या डांस ग्रुप भिलाई प्रथम, पुष्पांजली उड़ीसा द्वितीय

# शाही दशहरा उत्सव में डीजे डांस की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

बिन्द्रानवगढ़ स्टेट छुरा द्वारा दशहरा उत्सव आतिशबाजी एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राज परिवार एवं मां शीतला समिति के तत्वाधान में मनाया जाने वाला शाही दशहरा उत्सव क्षेत्रवासियों के लिए बहुप्रतीक्षित होता है इस अवसर पर रात्रिकालीन मनोरंजन कार्यक्रम में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सामुहिक युगल एवं एकल विधा में राजनांदगांव दुर्ग रायपुर महासमुंद बलौदा बाजार भिलाई एवं गरियाबंद जिले के विभिन्न गांवों से प्रतिभागियों ने भाग लिया साथ ही पड़ोसी राज्य उड़ीसा के कलाकार भी शामिल हुए। लगभग 26 दलों के प्रतिभागियों ने रातभर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां शीतला समिति के पदाधिकारी गण बजरंग पांडेय ललित मेहता मन्नू महराज रिंकू सचदेव पूर्व उपाध्यक्ष नपं संतराम निर्मलकर के आतिथ्य में मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर किया गया पश्चात अतिथि स्वागत किया गया अपने उद्बोधन में बजरंग पांडेय ने शाही दशहरा उत्सव एवं डीजे डांस प्रतियोगिता के उद्देश्य के संबंध में जानकारी दी इसके बाद अतिथियों द्वारा निर्णायक गणों यादराम साहू हीरालाल साहू पूरन निषाद कार्यक्रम संचालन उद्घोषक विनोद कुमार यादव देवनारायण यदु एवं व्यवस्थाकों शीतल ध्रुव प्रेमन ध्रुव का बेच गुलाल लगाकर दायित्व प्रभार सौंपा गया।

### विजेताओं को मिला पुरस्कार



कलाकारों ने धार्मिक पारंपरिक कृषि प्रेम प्रसंग जय जवान जय किसान झन भूलो मां बाप ला कलाकार की व्यवस्था बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ तीज त्यौहार उत्सव के गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए जिसमें सामुहिक वर्ग में प्रथम नित्या डांस ग्रुप भिलाई, द्वितीय पुष्पांजली डांस ग्रुप आमानारा उड़ीसा, तृतीय अमरज्योति डांस ग्रुप रायपुर रहे। युगल वर्ग में प्रथम सिया के राम ग्रुप कनेकेरा, द्वितीय हीरा मानिक युगल ग्रुप सुनसुनिया, तृतीय स्थान शेखर करीना बागबाहरा रहे। इसी प्रकार एकल वर्ग में प्रथम खेलावन निषाद सड़कड़ा पांडुका द्वितीय दिग्विजय बनारस शिवतांडव एवं तृतीय स्थान पर जान्हवी बलौदा बाजार को विजेता घोषित किया गया। सभी वर्ग के विजेताओं को निर्धारित विजेता राशि पुरस्कार स्वरूप दिया गया पुरस्कार कार्यक्रम का संचालन यादराम साहू ने तथा आभार मेषनंदन पांडेय ने किया। सभी प्रतिभागियों के लिए समिति द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई थी।आयोजन सफल बनाने में ओंकार शाह अध्यक्ष, यशपेन्द्र शाह, मितेश, दीक्षित, कुलेश्वर निर्मलकर, कुलेश्वर सिन्हा आदि का मार्गदर्शन सहयोग रहा।

# जिला कांग्रेस में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल तय नए जिलाध्यक्ष के लिए रायशुमारी आज से

**गरियाबंद।** जिला कांग्रेस कमेटी में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल होने जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष की तलाश अब अंतिम चरण में है, जिसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक रेहाना रियाज़ चिश्ती 09 अक्टूबर (गुरुवार) को गरियाबंद पहुँचेंगी। वे यहाँ चार दिनों तक रुककर जिले के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर नए जिलाध्यक्ष के नाम पर रायशुमारी करेंगी। यह फेरबदल 'संगठन सृजन अभियान' के तहत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जिलाध्यक्ष को और अधिक सशक्त बनाना है। राहुल गांधी की सोच के मुताबिक, इस बार जिलाध्यक्ष वही बनेगा जो पार्टी के प्रति समर्पित, जमीनी मुद्दों पर लड़ाई लड़ने वाला, और संगठन में सक्रिय भूमिका निभाता रहा हो। सूत्रों के अनुसार, नए जिलाध्यक्ष को इस बार अधिक अधिकार मिलने वाले हैं, यहां तक कि विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार चयन में भी उनकी भूमिका अहम होगी। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इस बार पर्यवेक्षकों पर स्थानीय नेताओं का दबाव असरदार नहीं होगा, और यह कुर्सी सिर्फ संगठन की निष्ठा और जनाधार देखकर दी जाएगी, न कि सिफारिश पर।





### दावेदारी हुई तेज, भवानीशंकर शुक्ल से स्थानीय कार्यकर्ता खफा

गरियाबंद जिला अध्यक्ष की दौड़ में कई पुराने और नए चेहरे सामने आ रहे हैं। भवानीशंकर शुक्ल (पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल के सुपुत्र), भावसिंह साहू (वर्तमान जिलाध्यक्ष), युगल पांडेय (पूर्व उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत गरियाबंद), शैलेंद्र साहू (पूर्व उपाध्यक्ष, जनपद छुरा) नीरज ठाकुर, सुखचंद बेसरा, रामगुलाल साहू पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल के सुपुत्र भवानीशंकर शुक्ल की दावेदारी ने अन्य दावेदारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हालांकि, उनकी दावेदारी से गरियाबंद के कांग्रेस कार्यकर्ता खफा भी दिख रहे हैं। नाराजगी इसलिए है क्योंकि स्थानीय कार्यकर्ता राजिम विधानसभा सीट को शुक्ल परिवार के लिए सुरक्षित मानकर काम करते हैं, और अब जिला अध्यक्ष के लिए भी उनके सुपुत्र की दावेदारी ने स्थानीय नेताओं की राह कठिन कर दी है।

## खबर संक्षेप

### छुरा के दिवाकर का राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी में चयन




**छुरा।** निजी कचना ध्रुवा महाविद्यालय के छात्र दिवाकर दादा लगातार विगत दो वर्षों से पंडित



रविशंकर विश्व विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर रहा है। विश्व विद्यालयीन स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता कबड्डी (पुरुष वर्ग) में चयनित होकर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय रायपुर का प्रतिनिधित्व करने बिलासपुर रवाना हुए। पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालयिन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर के डॉ.सी वी रमन यूनिवर्सिटी में आयोजित किया जा रहा है। दिवाकर दादा छुरा के निजी कचना ध्रुवा महाविद्यालय में बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र है, इन्होंने पूर्व में भी विश्व विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए 2024 - 25 में जौनपुर (उत्तर प्रदेश) से नैशनल ( राष्ट्रीय) स्तर तक खेलते हुए ट्रॉफी अर्जित किए।

### बिजली बिल हाफ' योजना बंद होने पर यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन



**मुड़ागांव (कोरासी)।** बीजेपी सरकार द्वारा 'बिजली बिल हाफ' योजना बंद किए जाने और बिजली की दरों में मनमानी वृद्धि के विरोध में खाट खालहे मंडल यूथ कांग्रेस के तत्वावधान में मुड़ागांव में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यूथ कांग्रेस ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा की और सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि बीजेपी सरकार ने 'बिजली बिल हाफ' योजना को पुनः चालू नहीं किया तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। यूथ कांग्रेस ने कहा कि बिजली बिलों में मनमानी वृद्धि से आम जनता पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में यूथ मंडल कांग्रेस घाटखाल्हे के युवा कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सम्मिलित थे। इनमें प्रमुख रूप से मक्कू दीक्षित, पन्नालाल ध्रुव, यशपेंद शाह, केवल कुमार साहू, भानु प्रताप भारद्वाज, चित्रसेन डढ़सेना, विजय यादव, रूपनारायण मंडले, ओंकार साहू, जय राम जगत, भागीरथी, चेतन ठाकुर, मन्नू लाल चौहान, केवल दीवान, नीलकंठ ध्रुव, अर्जुन दीवान, घनश्याम साहू और टिकेश्वर निर्मलकर सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### खरोरा में मनाई मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में देश के उपन्यासों के रचयिता एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, जया चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, विमला चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## बैठक : जनहानी पर एक करोड़ रुपए मुआवजा के रूप में पीड़ित परिवार को दिया जाए

# जंगली हाथियों ने फसल रौंदा, मुआवजा मांग को लेकर 16 को वन विभाग का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में ग्रामीण व किसान पिछले दो माह से हाथियों के आतंक से थर्रा उठे हैं। लगातार हाथियों के द्वारा किसानों के धान के फसलों और मकानों तथा खेतों में बने लारियों झोपड़ियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है लेकिन अब तक किसानों को मुआवजा नहीं मिला और जो मुआवजा राशि देने की बात कही जा रही है वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान है जिसके चलते क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। बुधवार को ग्राम चलकीपारा में जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम की उपस्थित में 06 पंचायतो के 30 ग्राम पाराटोला की बैठक आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन किसान उपस्थित हुए और आगामी 16 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन कर रैली निकाल मैनपुर वन विभाग कार्यालय घेराव करने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, जिड़ार सरपंच मुकेश कपिल, युवराज नेताम एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपए मुआवजा दें

जिला पंचायत सदस्य श्रीमति लोकेश्वरी नेताम ने कहा की मैनपुर क्षेत्र के छिन्दौला, दबनई, फरसरा, लुठापारा, धोबीपारा, लेडीबहार, जिड़ार, सिंहर, चलकीपारा, बुड़ार, तुहामेटा, गोपालपुर, साल्हेभाठ, छुईहा, गौरघाट, छोटेगोबरा, बड़ेगोबरा काटीपारा, भाठीगढ़ व क्षेत्र के कई ग्रामो में हाथियो के आतंक से किसान बेहद परेशान है। धान मक्का और दलहन तिलहन के फसल को हाथियो के द्वारा जमकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी वाहनो में घुमकर अपने दायित्व की खानापूर्ति कर रहे है और किसान परेशान है। श्रीमति नेताम ने कहा किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार मुआवजा राशि की मांग को लेकर 16 अक्टूबर को मैनपुर में उग्र धरना प्रदर्शन के साथ रैली निकाली जायेगी और वन विभाग कार्यालय का घेराव किया जायेगा। इस दौरान कई किसान नेताओ ने अपने दर्द बताते हुए कहा वन विभाग के द्वारा पीड़ति किसानों को उचित मुआवजा व सुरक्षा नहीं दिया नहीं जाता सरकार पिछले कई वर्ष पूर्व निर्धारित की गई क्षतिपूर्ति राशि को आज भी लागू किया है जो गलत है क्षेत्र में हाथी के आतंक से सैकड़ो एकड़ की फसल बर्बाद हो चुके हैं रोज हाथी फसल बर्बाद कर रहे है हाथियो के दल गांव के नजदीक आने पर बिजली भी काट दी जाती है, जिससे और जान माल में नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है मुआवजा के नाम से ऊंट के मुंह में जीरा के सामान दिया जाता है, जिसके कारण क्षेत्र के किसान काफी चिंतित हैं।

### ये रहे शामिल

बैठक में तय किया गया है किसी भी किसानों के खेत में हाथियों के द्वारा फसल को छाती पहुंचाया जाता है तो उसे पूर्ण शक्ति मानकर प्रति एकड़ 50000 हजार रूपये की दर पर पीड़ति किसान को 50000 मुआवजा राशि दिया जाए। मकान को छाती पहुंचने पर काम से कम 5 लाख रुपए मुआवजा राशि दिया जाए। जनहानी पर एक करोड़ रुपए मुआवजा के रूप में पीड़ति परिवार को दिया जाये। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, प्रताप सिंह मरकाम, युवराज नेताम, मुकेश कपिल, अमरूराम नेताम, पदमन नेताम, देवीसिंह मरकाम, बल्दुराम, मिनेश ओटी, लखन कुमार, प्रेमसिंह, तिजउराम, चमरूराम नेताम, परमेश्वर मरकाम, इंद्रसेन, रामेश्वर सोरी, जगतराम नेताम, चुन्नुलाल मरकाम, शिवचरण, अमरलाल, ललेश कुमार, दौलत नेताम, टिकम सिंह, मिनेश ओटी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## दशहरा महोत्सव में रंगझाझर लोक कला मंच की दी शानदार प्रस्तुति



**रसेला।** ग्राम सेंदबाहरा में दशहरा महोत्सव के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति से सजी एक भव्य संध्या का आयोजन किया गया।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच रंगझाझर बटरेल (पाटन) जिला दुर्ग द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के विधायक जनक ध्रुव के सुपुत्र चित्रांश ध्रुव, अध्यक्षता ललिता कंवर (सरपंच ग्राम पंचायत सेम्हरा) विशिष्ट अतिथि नीलकंठ ठाकुर जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद,नारायण सिन्हा जनपद सदस्य (जनपद पंचायत छुरा),विशेष अतिथि रेणु चन्द्राकर (उपसरपंच ग्राम पंचायत सेम्हरा), पुनिताराम ठाकुर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला मीडिया प्रभारी, रुपनाथ बंजारे उपसरपंच संघ अध्यक्ष, सोनू शर्मा, भुपेन्द्र सिन्हा, थानेश्वर सोरी पंच, डोला नागेश पंच, गुहन सिंह नागेश ग्राम पटेल, प्रीतराम सिन्हा पंच, ठाकुर राम चन्द्राकर, भीखम ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर सहित इत्यादि लोग मंचसीन थे। जिन्होंने मंच पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती माता के छायाचित्र एवं समक्ष अतिथियों द्वारा पूजा-अर्चना कर की गई। इसके पश्चात मंच पर उपस्थित समस्त अतिथियों का ग्रामवासियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।और सभी अतिथियों ने दशहरा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।सांस्कृतिक कार्यक्रम देर रात तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीणों की उपस्थिति रही।रंगझाझर लोक कला मंच की लोकनृत्य, करमा, सुवा नृत्य, गौरा गौरी, गीत-संगीत और छत्तीसगढ़ी परंपराओं से सजी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को बांधे रखा। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम बना,बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक कला और संस्कृति को जनमानस तक पहुँचाने का एक सशक्त प्रयास भी सिद्ध हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में लोमेश ठाकुर, प्रमोद नागेश, नीलकमल, संजय नागेश, थानेश्वर सोरी, दलेश्वर नागेश, यशवंत नागेश, किसन नागेश,संतोष नागेश, प्रेम नागेश, लखन विश्वकर्मा, लोकेश नागेश, भागवत सोरी, दुर्गेश सोरी, सुनील नागेश, मनीष नागेश, रविशंकर,राधेश्याम ठाकुर सहित ग्रामीण जन का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक यशवंत नागेश ने किया।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत विद्यालयों में जिज्ञासा बॉक्स की हुई स्थापना

**गरियाबंद।** कलेक्टर भगवान सिंह उइके के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय के मार्गदर्शन में और जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोचवाय, शासकीय उच्च विद्यालय लोहझर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद तथा शासकीय उच्च विद्यालय बोरसी में 'जिज्ञासा बॉक्स' की स्थापना की गई है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं की समस्याओं का समाधान करना एवं उनमें आत्मविश्वास तथा सुरक्षा की भावना विकसित करना है।

इस जिज्ञासा बॉक्स में छात्राएँ अपनी जिज्ञासाएँ अथवा समस्याएँ बिना नाम लिखे डाल सकती हैं। माह के निर्धारित दिवस पर परियोजना अधिकारी, महिला पर्यवेक्षक, सखी एक-स्टॉप केंद्र की परामर्शदाता, महिला सशक्तिकरण हब के कर्मचारी एवं शिक्षकगण की उपस्थिति में इन प्रश्नों पर चर्चा कर समाधान प्रस्तुत किया जाएगा। यह पहल बालिकाओं की जिज्ञासा और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान



पीसीपीएनडीटी अधिनियम, पोक्सो अधिनियम, अच्छा स्पर्श-बुरा स्पर्श, दहेज प्रताड़ना निवारण अधिनियम, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सखी एक-स्टॉप केंद्र, महिला हेल्पलाइन 181 तथा बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध लिंग आधारित भेदभाव पर संवाद भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, जिला मिशन समन्वयक मनीषा वर्मा, लैंगिक विशेषज्ञ अंजली नाविक, पदमनी दीवान, वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षक अर्चना सिंह, शोभा मरकाम, प्रकरण कार्यकर्ता सुमन तिवारी, रंजनी समद्दार, पैरा-लीगल कार्यकर्ता निशा नेताम, पैरामेडिकल अधिकारी रूपमती वर्मा तथा कार्यालय सहायक श्वेता शुक्ला उपस्थित रहीं।

## 2 किलो गांजा जब्त एक आरोपी गिरफ्तार



**छुईहा बेलर।** पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा एवं एसडीओपी निशा सिन्हा के निर्देशन तथा थाना प्रभारी गौतम धौवड़े के मार्गदर्शन में फिंगेश्वर पुलिस टीम ने अवैध गांजा बिक्री में संलिप्त एक आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बिक्री के उद्देश्य से घूम रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, बुधवार शाम लगभग 5 बजे फिंगेश्वर थाना पुलिस ने मड़वाडीही और फिंगेश्वर मुख्य मार्ग के बीच नदी किनारे दबिश दी। पुलिस ने आरोपी उधो राम सतनामी (निवासी सिर्रीखुर्द) को उसकी मोटरसाइकिल (CG04Q-A4137) पर उस समय पकड़ा, जब वह ग्राहक की तलाश में गांजा लेकर मड़वाडीही बावाकूपी रोड की ओर जा रहा था। विवेचना अधिकारी एनआर दिवान, रौशन साहू, भारत सेन, और शुकलाल ध्रुव की टीम ने त्वरित घेराबंदी कर दो गवाहों के समक्ष आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## हरदीभाठा की रामलीला का हजारों दर्शकों ने देर रात लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र के ग्राम हरदीभाठा का रामलीला पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है हर वर्ष दशहरा के दिन यहां रामलीला का आयोजन किया जाता है लेकिन इस वर्ष लगातार बारिश के कारण मंगलवार रात को रामलीला का मंचन किया गया। यहां रामलीला को देखने के लिए क्षेत्र भर से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। आपको यह बताते चले कि रावण के किरदार में शेखर पटेल का अभिनय को देखने भारी भीड़ लगता है और इस बार रावण राजा की एंट्री जैसे ही बुलट मोटर साइकिल से होती है चारों तरफ माहौल उत्साह से भर जाता है। हल्की बारिश के बावजूद हजारो दर्शक रात 3 बजे तक रामलीला का मंचन देखने उमड़ पड़े। इस दौरान रामलीला का मंचन किया गया और रावण वध किया गया रावण वध होते ही पूरा नगर व क्षेत्र जय जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। घर -घर राम सीता एवं लक्ष्मण की आरती उतार कर पूजा अर्चना किया



गया।

### ये रहे शामिल

बाल मंडली ग्राम हरदीभाटा में वर्षों से चले आ रहे परंपरा दशहरा नाटक का कार्यक्रम शरद पूर्णिमा के अवसर पर रात्रि कालीन रावण वध का कार्यक्रम किया गया जिसका आनंद लेने के लिए देर रात तक भीड़ लगी हुई थी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगे हुए गांव के प्रमुख लालाराम पटेल, योगेश शर्मा, सरपंच मालती बाई कोर्राम, देवचरण साहू, लोचन साहू लोचन निर्मलकर, रमेश पटेल, नरेश डोंगरे, शेखर पटेल हालधर पटेल, लखन जगत, बुद्धेश्वर साहू, चेतन पटेल केशव पटेल, महेंद पटेल, चुम्मन पांडेय, चानन्द पटेल, गोविंद पटेल, सुंदर निर्मलकर, रमेश ठाकुर, सवितानंद साहू, चंद्रशेखर निर्मलकर, कीर्ति पटेल, मुकुंद निर्मलकर, तिलेश निर्मलकर, राजू साहू, ऐश्वर्य साहू, इशू पटेल, शशिकांत साहू, मनोज पाण्डेय, आदेश पटेल, नंदकिशोर पटेल एवं पूरे ग्रामवासियो का विशेष सहयोग रहा।

## आईसेक्ट में कौशल विकास एवं एआई पर कार्यशाला आयोजित

**नवापारा-राजिम।** देश की अग्रणी कौशल एवं उच्च शिक्षा संस्थान आईसेक्ट द्वारा कौशल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा 6 अक्टूबर 2025 से शुरू होकर 20 राज्यों के 300 जिलों में फैले 500 स्कूल कॉलेज और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचेगी और लाखों विद्यार्थियों युवाओं तथा शिक्षकों को कौशल विकास और भविष्य की तकनीक से अवगत कराया जाएगा। इसी कड़ी में कौशल विकास यात्रा नवापारा शहर के विभिन्न शिक्षण केंद्रों में पहुंचकर विद्यार्थियों युवाओं तथा शिक्षकों को कौशल विकास और भविष्य की तकनीक से अवगत कराया गया। यात्रा का मुख्य आकर्षण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लिटरेसी मिशन रहा। यात्रा के दौरान निशुल्क एआई सेमिनार, कार्यशाला, करियर काउंसलिंग सत्र एवं तकनीकी प्रदर्शन आयोजित किए गए। आईसेक्ट द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए कौशल रथ के माध्यम से गांव गांव और शहर शहर तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी भविष्य की तकनीकी से संबंधित जानकारी, डेमो और प्रशिक्षण सामग्री प्रदान करना है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुमीत गंडेजा, ज्ञानेश चंदेकर, मुख्य वक्ता बलराम देवांगन,



डॉ. देवव्रत दास गुप्ता, संदीप एच, साखी निर्मलकर, खिलेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। शिक्षाविद बलराम देवांगन ने कहा कि कौशल विकास यात्रा केवल एक शैक्षिक अभियान नहीं बल्कि यह युवाओं को भविष्य की तकनीक से जोड़ने रोजगार उन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ठोस पहल है। मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुमित गंडेजा ने आईसेक्ट के इस प्रयास की सराहना की। और कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन और कौशल विकास यात्रा युवाओं के लिए मार्गदर्शन और रोजगार उन्मुख पहल साबित होगी।

## पेज 11 के शेष

### तेज रफ्तार हाईवा...

नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव तथा घायल महिला के परिजन घटना स्थल में पहुंचे। ईधर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू को जैसे ही पता चला वे नवापारा सरकारी अस्पताल पहुंचकर डॉ. से बात किया और उच्चस्तरीय इलाज के लिए एम्बुलेंस से रायपुर रवाना किया। बता दें कि हाइवा से लगातार हो रही दुर्घटना को लेकर नेता प्रतिपक्ष संध्या राव सहित शहर के नागरिको ने काफी आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होने इस तरह से लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए प्रशासन और पुलिस का ध्यान आकर्षित करते हुए इस पर ठोस उपाय करने के लिए कहा है। मालूम हो कि हाइवे के दोनो साइड लगे सीसी टीवी कै मरे में ये दृश्य पूरी तरह से कै द हो गया है। फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि किस तरह से लापरवाहीपूर्ण गाड़ी चलाते हुए हाइवा चालक रांग साइड में गाड़ी घुसाकर महिला को चपेट में लिया है। बहरहाल नवापारा थाना के एसआई सुनील कश्यप इस मामले की विवेचना कर रहे है। हाइवा को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### खेत में...

के लिए एक निगरानी दल तैयार किया है और आसपास के वन क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। वन विभाग ने आसपास के निवासियों को अकेले बाहर न निकलने की हिदायत दी है।गौरतलब है कि इस इलाके में तेंदुए पहले भी कई बार लोगों पर हमला कर चुके हैं। पिछले कुछ महीनों में पालतू पशुओं पर हमले की घटनाएं हुई हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से इस इलाके में तेंदुए की सक्रियता देखी जा रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए पर नजर रखने की मांग की है। घटना के बाद ग्रामीण दहशत में है।

### चौकसील पहाड़ी में...

चौकसील मेला किसी त्यौहार से कम नहीं है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक पहुंचे झाखर, पुजारी, बैगा, सिरहा और अन्य वरिष्ठजनों को पान-सुपारी और वस्त्र भेंटकर ससम्मान विदाई दी गई।

**जर्जर सड़क बनी बड़ी चुनौती** : इस वर्ष मेले में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं को भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नेशनल हाइवे बम्हनीझोला से चौकसील पहाड़ी तक 8 से 10 किलोमीटर की सड़क बेहद जर्जर और कीचड़ से दलदल थी। इन मुश्किलों के बावजूद, लगभग 30 हजार से ज्यादा लोग मेले में शामिल होने पहुंचे, जो उनकी अटूट आस्था और भारी उत्साह को दर्शाता है। लोगों ने शासन-प्रशासन से चौकसील पहाड़ी तक सड़क और पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है।

**मेला को सफल बनाने में रहा सामूहिक सहयोग** : इस पूरे मेले को सफल बनाने में आयोजक समिति का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। समिति के संरक्षक टीकम नागवंशी, अध्यक्ष अर्जुन सिंह नायक, बैजनाथ नेताम, दीपक मंडावी, मधुसिंह ओंटी और ग्राम पंचायत कोयबा, साहेबिनकछार, इढ़ागांव, तौरेंगा, जांगडा, अमाड, मोतीपानी, रक्शापतथरा सहित पूरे क्षेत्र के ग्रामवासियों ने उत्कृष्ट सहयोग दिया।

### श्री रामलला दर्शन योजना...

लिए रवाना किया। जिले के कुल 94 दर्शनार्थी आज रवाना हुए। इस दौरान अतिथियों ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। 94 श्रद्धालुओं में उनके देख-देख के लिए 4 अनुरक्षक भी शामिल है। चयनित तीर्थ यात्रियों को बस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की जिला वापसी होगी।

### भक्त माता राजिम...

प्रतिमा की स्थापना से धर्मनगरी का गौरव और आध्यात्मिक महत्ता और अधिक बढ़ेगी। यह परियोजना न केवल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनेगी, बल्कि पर्यटन विकास में भी नया अध्याय जोड़ेगी। विधायक एवं कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण - बैठक के उपरांत विधायक श्री रोहित साहू एवं कलेक्टर श्री उइके ने अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री विशाल महाराणा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री महेश यादव, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा भेड़िया, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री रामेश्वर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सदस्य संजय ने शोभा में साइकिल वितरण किया

**मैनपुर।** मुख्यालय अंतर्गत ग्राम शोभा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कुल 21 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम उपस्थित रहे।

श्री नेताम ने सायकल प्राप्त करने वाली छात्राओं से कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति और समाज के विकास की सबसे सशक्त नींव है। छात्राएं शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बने, यही हमारी अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा




चलाई जा रही सरस्वती सायकल योजना का उद्देश्य ग्रामीण अंचल की बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे वे बिना किसी बाधा के विद्यालय तक पहुंच सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री खम्मन लाल साहू ने मुख्य अतिथि श्री संजय नेताम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और उत्साह में निरंतर वृद्धि हो रही है।

इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्य बंशीलाल मरकाम, शिक्षकगण रविकांत नाग, टूमन लाल साहू, चंद्रशेखर वर्मा, रिखीराम निषाद, गिरीश साहू, प्रकाश पटेला, भास्करन नागेश, मदन जाटवर, पूनम ध्रुव एवं जगदेव नेताम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन टूमन लाल साहू द्वारा किया गया और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** युवक के साथ मारपीट के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बागबाहरा का अर्जुन बन गोस्वामी 5 अक्टूबर की रात लगभग 8/30 बजे अपने दोस्तों के साथ नाला किनारे लालपुर बागबाहरा में बैठकर मोबाइल देख रहा था, तभी पुरानी रंजिश को लेकर चमन साहू अपने दोस्तों के साथ आया और गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं किसी धारदार वस्तु से मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया है।

### मां-बेटी के साथ अभद्रता, संपत्ति हथियाने की धमकी

**महासमुंद।** आंगन की सफाई कर रहीं मां-बेटी के साथ अभद्रता के मामले में बसना थाने में आरोपी दंपत्ति के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सेवानिवृत्त शिक्षक जेशूचंद्र सिंह निवासी ग्राम जगदीशपुर ने बताया कि 25.07.2025 को वह अपने घर में था और उसकी पत्नी मधुलिका सिंह और बेटी निम्सी सिंह घर के सामने वाले आंगन में साफ-सफाई कर रहे। करीब शाम 07 बजे प्रार्थी के पुत्र निशित सिंह की पत्नी पंकजनी सिंह के द्वारा ये मेरा हिस्से की जगह है, इसे क्यों साफ-सफाई कर रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है, इस दौरान उसके पुत्र निशिथ सिंह ने भी आरोपी महिला का साथ देते हुये गाली गलौज करते हुये चल-अचल सम्पत्ति को हथियाने की धमकी दी। प्रार्थी ने बताया कि आए दिन निशिथ सिंह और पंकजनी सिंह के द्वारा घर आंगन में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी जाती है, जिससे वे लोग परेशान रहते हैं।

### चीफ जस्टिस के साथ हुई घटना की सीबीआई जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**महासमुंद।** सर्व अनुसूचित जाति समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में देश के लोकतंत्र संप्रभुता न्यायपालिका की गरिमा बचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग करते हुए बताया गया है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय के अंदर चीफ जस्टिस बीआर गवई के ऊपर सुप्रीम कोर्ट के ही वकील राकेश किशोर ने जूता फेंक कर न्यायपालिका को हिंसात्मक चुनौती दी है, क्योंकि, हमले के बाद एक धर्म विशेष के अपमान नहीं सहने का नारा लगाते हुए चीफ जस्टिस द्वारा दी गई पुराने एक फैसले का हवाला दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि जिस तरह से कुछ लोगों द्वारा हिंसात्मक बयानबाजी देकर देश में अराजक फैलाने की माहौल बना रहे, ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए प्रत्येक राज्य सरकारों को निर्देशित करने की जरूरत है। क्योंकि, जिस देश के चीफ जस्टिस के साथ इस तरह से हिंसात्मक घटना को अंजाम दिया जा सकता है तो आम आदमी के साथ क्या नहीं कर सकते हैं। इसी प्रकार मध्यप्रदेश बार काउंसिल के वकील अनिल मिश्रा द्वारा बार-बार संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के बारे में कथित अभद्र टिप्पणी की जा रही है।

**विरोध : सदस्यों ने कहा- जिपं द्वारा तैयार की गई 15वें वित्त आयोग की कार्ययोजना पूरी तरह से नियमविरुद्ध**

# जिपं में 15वें वित्त आयोग की राशि पर बवाल मनमाने व पक्षपातपूर्ण बंटवारे पर जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



- तीन सदस्यों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जिला पंचायत गरियाबंद में 15वें वित्त आयोग की राशि को लेकर घमासान मच गया है। जिले के तीन निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने निधि वितरण में मनमाने और पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाते हुए बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में क्षेत्र क्रमांक 03 के सदस्य इंद्रजीत महाड़ीक, क्षेत्र क्रमांक 07 के सदस्य संजय नेताम और क्षेत्र क्रमांक 08 की सदस्य लोकेश्वरी नेताम शामिल रहे। सदस्यों ने अपने ज्ञापन में कहा कि जिला पंचायत द्वारा तैयार की गई 15वें वित्त आयोग की कार्ययोजना पूरी तरह से नियमविरुद्ध है। निधि वितरण में सत्ता पक्ष के दबाव में आकांक्षी और पिछड़े क्षेत्रों की उपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि शासन के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग आर्थिक, सामाजिक और भौगोलिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों के विकास हेतु प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए, लेकिन जिला पंचायत की योजना इससे भटक गई है।

सदस्यों का कहना है कि 15वें वित्त आयोग का उद्देश्य सभी क्षेत्रों में संतुलित विकास सुनिश्चित करना है, लेकिन मौजूदा कार्ययोजना राजनीतिक क्षेत्रवाद का उदाहरण बन गई है। उन्होंने कलेक्टर से इस पर तत्काल रोक लगाने और शासन की गाइडलाइन के अनुसार न्यायसंगत पुनर्वितरण की मांग की। ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 243(जी-एच) तथा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 47–48 का हवाला देते हुए कहा गया है कि निधि का बंटवारा समानता, पारदर्शिता और आवश्यकता आधारित सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए।

### हमारा उद्देश्य जिले के हर क्षेत्र का न्यायपूर्ण विकास सुनिश्चित करना है

तीनों जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो वे इस मामले को संभागीय आयुक्त, राज्य शासन और भारत सरकार के पंचायत राज मंत्रालय तक ले जाने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के बाद सदस्यों ने कहा कि हमारा उद्देश्य किसी दल या व्यक्ति विशेष से विरोध नहीं है, बल्कि जिले के हर क्षेत्र का न्यायपूर्ण विकास सुनिश्चित करना है। जब शासन ने ही आकांक्षी ब्लॉकों को प्राथमिकता दी है, तो जिला पंचायत को भी उसी भावना से कार्य करना चाहिए।

ज्ञापन सौंपने वाले सदस्यों में इंद्रजीत महाड़ीक, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 03, संजय नेताम, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 07 और लोकेश्वरी नेताम, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 08 शामिल रहे। जिला पंचायत की कार्ययोजना पर उठे सवालों के बाद अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन के निर्णय पर टिकी हैं।

## ग्राम सभा बारूला में स्वच्छता व विकास पर चर्चा, वृद्ध दिवस भी मनाया गया



**छुईहा बेलर।** शासन के निर्देशानुसार, मंगलवार को ग्राम पंचायत बारूला में ग्राम सभा का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सुकदेव राम साहू ने की। इस सभा का मुख्य केंद्र स्वच्छ भारत मिशन और ग्राम के सर्वांगीण विकास पर रहा।

सभा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम की स्वच्छता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से कचरा कलेक्शन, शौचालय के नियमित उपयोग और ग्राम को स्वच्छ रखने की व्यवस्था पर बात हुई। उपस्थित ग्रामीणों से ग्राम की स्वच्छता व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सक्रिय सहयोग की अपील भी की गई। इसके अतिरिक्त, पंचायत को आत्मनिर्भर एवं समर्थ बनाने की दिशा में आवश्यक कर रोपण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। सरपंच सुकदेव राम साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत बारूला के चौतरफा विकास को सुनिश्चित करने के लिए मनरेगा योजना के अंतर्गत एक तीन वर्षीय कार्ययोजना तैयार की गई है। इस योजना को उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया।

### वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

ग्राम सभा के अवसर को खास बनाते हुए वृद्ध दिवस भी मनाया गया। इस दौरान ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया और समाज तथा ग्राम के प्रति उनके अमूल्य योगदान को नमन किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपसरपंच उत्तम सोनवानी, ग्रामीण सचिव कमलेश साहू, पंचगण झाड़ूराम साहू, सुनील निर्मलकर, सालिकराम साहू, चंदु नेमू, घनश्याम गुप्ता, हरि, बिसाहू पराना, कमला साहू, हेमकुमारी पंच, उमा पंच, अमृत बाई पंच, पूर्णिमा पराना सहित लगभग 70 ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शैलेंद्र साहू को मिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा का सर्वसम्मति समर्थन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा की एक आवश्यक बैठक स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद के लिए संभावित दावेदारों पर चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से शैलेंद्र साहू के नाम पर समर्थन व्यक्त किया और जिला अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम को प्रस्तावित किया। बैठक में उपस्थित जिला अध्यक्ष पद के दावेदार शैलेंद्र साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे लंबे समय से क्षेत्र में समाज और संगठन दोनों स्तर पर सक्रिय हैं।

उन्होंने कहा कि “कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य मैंने लगातार किया है। यदि आप सबका आशीर्वाद और समर्थन मिलता है, तो जिला अध्यक्ष के रूप में संगठन को और मजबूत करने का कार्य करूंगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि संगठन के पदों पर हमेशा स्थानीय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि “जिला अध्यक्ष जैसे पद पर स्थानीय व्यक्ति को अवसर मिलने से हम कार्यकर्ताओं के बीच आसानी से पहुंच बना सकते हैं और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सकता है। बाहरी लोग आकर यहां दावेदारी करते हैं, जिससे स्थानीय कार्यकर्ताओं में असंतोष की स्थिति बनती है, ऐसे में स्थानीय को ही वरीयता देना उचित होगा। इसी क्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नथ मल शर्मा ने कहा कि संगठन की एकता और मजबूती के लिए स्थानीय लोगों को आगे लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब स्थानीय लोग नेतृत्व करते हैं, तो कार्यकर्ताओं के बीच विश्वास और संवाद बेहतर रहता है, जबकि बाहरी लोग संगठन में दूरी और विरोध की स्थिति पैदा करते हैं।

### स्थानीय व्यक्ति को अवसर मिलने से जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का बढ़ेगा मनोबल

सरपंच संघ के अध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव ने भी शैलेंद्र साहू का समर्थन करते हुए कहा कि इस बार पहली बार छुरा क्षेत्र से जिला अध्यक्ष पद के लिए मजबूत दावेदारी सामने आई है और इस दावेदारी को पूरा समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यक्ति को अवसर मिलने से न केवल संगठन मजबूत होगा बल्कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ेगा। इसी तरह सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर ने भी समर्थन जताते हुए कहा कि स्थानीय प्रतिनिधियों को संगठन में आगे लाने से आपसी एकता और समन्वय की भावना प्रबल होती है, जिससे पार्टी की पकड़ गांव-गांव तक मजबूत होती है। बैठक में अवध राम साहू, जगतराम, मन्नू लाल, सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया और सर्वसम्मति से शैलेंद्र साहू के नाम पर अपनी सहमति दी। बैठक में प्रमुख रूप से रमेश शर्मा, देव सिंग रात्र, डॉ. योगेन्द्र चंद्राकर, चमन साहू, केशव चंद्राकर, नियाज अहमद, प्रताप ठाकुर, चिराग अली, प्रहलाद यदु, गोकुल ध्रुव, मेधनी धुर्वा, एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन स्थानीय नेतृत्व को प्राथमिकता देने और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

## मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने साइबर जागरूकता के तहत ग्रामीणों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किमी दूर ग्राम पंचायत मैनपुरकला में बुधवार को सायबर जागरूकता कार्यक्रम नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने कार्यक्रम में ऑनलाइन धोखाधड़ी, अनचाहे लिंक, एपीके फाइल डाउनलोड न करने, किसी भी शर्त में अपने ओटीपी शेयर न करने, अपने बैंक खातों किराए से दूसरों को न देना, साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 में फोन कर शिकायत दर्ज कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सरपंच गजेन्द्र नेगी, उपसरपंच सुधीर राजपूत, सियाराम ठाकुर, लालसिंह नागेश, भुने”वर नागेश, गौकरण, टिकम, खजन यादव, प्रमिला बाई, भवानी बाई, ललिता, लक्ष्मी, धने”वरी, मोती राजपूत, राकेश, भैयालाल, महेश, भोज, मुख्तियाज सिंह, प्रमिला, सुकरोबाई, नैनाबाई यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।




## कृषि कॉलेज में रावे कार्यक्रम का अभिविन्यास आयोजित




**फिंगेश्वर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, गरियाबंद के बीएससी (कृषि) चतुर्थ वर्ष के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण रावे (ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव) अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रावे कार्यक्रम के तहत होने वाली प्रमुख गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी देना था। इन गतिविधियों में विलेज अटैचमेंट, इंस्टीट्यूट/यूनिट अटैचमेंट और एग्रो-इंडसट्रियल विजिट शामिल हैं। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने छात्रों को रावे कार्यक्रम के दौरान किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा और उनके उद्देश्य विस्तारपूर्वक समझाए। छात्रों को एक-एक ग्राम आवंटित किया जाएगा, जहाँ उन्हें बीज उपचार तकनीकें, रोग एवं कीट पहचान, क्षेत्र सर्वेक्षण प्रक्रियाएं और कृषक सूचना केंद्र की स्थापना जैसी व्यावहारिक गतिविधियों का सीधा अनुभव प्राप्त होगा। इंस्टीट्यूट/यूनिट अटैचमेंट और एग्रो-इंडसट्रियल विजिट के माध्यम से छात्रों को आधुनिक कृषि तकनीकों और कृषि उद्योगों से प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के अवसर प्रदान किए जाएंगे। यह कार्यक्रम छात्रों को कृषि क्षेत्र में सफल होने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में सहायता करेगा।

आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के निर्देशन एवं रावे समन्वयक लेखराम वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ. ओमेश ठाकुर, डॉ. अविनाश गौतम, डॉ. सौरभ पद्मशाली, डॉ. कुंतल साटकर, डॉ. देवेंद्र कुमार देवांगन, सत्येंद्र पाटले, अतिथि शिक्षक डॉ. इंद्रपाल सिंह पैकरा एवं आदर्श कुमार भी उपस्थित रहे।

## कौंदकेरा में खेलकूद स्पर्धा का सफल हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर






माय भारत केंद्र रायपुर एवं श्री अर्पित तिवारी उप संचालक माय भारत केंद्र रायपुर के तत्वाधान में कौंदकेरा में विकासखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के चार-पांच स्कूलों से खिलाड़ी आए हुए थे। इस प्रतियोगिता में कबड्डी, रस्साकसी, दौड़, गोला और तवा फेंक खेल को रखा गया था।

इस प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा कबड्डी में बालक वर्ग में प्रथम जेन्जरा एवं द्वितीय ग्राम खुटेरी रहा बालिका वर्ग में कबड्डी में प्रथम ग्राम खुटेरी एवं बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान भसेरा का रहा इसी प्रकार रस्साकशी में बालक वर्ग में प्रथम कौंदकेरा एवं द्वितीय भसेरा रहा बालिका वर्ग में प्रथम कौंदकेरा एवं द्वितीय छुईहा रहा। व्यक्तिगत खेल में बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में नागेश कुर्रे प्रथम एवं दूसरा स्थान योगेंद्र कुमार बालिका वर्ग में यमुना ध्रुव प्रथम एवं द्वितीय स्थान वासनी गोला फेंक बालक वर्ग में प्रथम स्थान अर्पण एवं दूसरे स्थान पर पीयूष रहा, बालिका वर्ग में गोला फेंक में प्रथम कुमारी मंजू एवं द्वितीय रोशनी रहा इसी प्रकार तवा फेंक में प्रथम कलेश्वर साहू एवं द्वितीय योगेन्द्र कुमार रहा तवा फेंक बालिका वर्ग में गरिमा साहू रहा।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामेश्वरी कुर्रे जनपद सदस्य फिंगेश्वर एवं चांदनी भूषण साहू उप सरपंच कौंदकेरा रहा खेल में विशेष सहयोग हरिश्चंद्र निषाद, चंद्रहास साहू, गोप कुमार साहू, वेद कुमार ध्रुव, महेश्वरी मंडल, सागर तारक, व्यायाम शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाड़ियों को टी–शर्ट, मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

**फणीकेश्वर नाथ महाविद्यालय मे राज्य एडस नियंत्रण को लेकर कार्यक्रम आयोजित**

# एचआईवी के प्रति अज्ञानता जानलेवा साबित हो सकती : डॉ. अंकिता



**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त क्रियान्वयन में फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ के बैनर तले प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा के प्रेरणा तथा कार्यवाहक प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे के निर्देशन में रेड रिबन क्लब के वार्षिक अभिमुखीकरण सह संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी(एसएसीएस) द्वारा शुरू और समर्थित है।रेड रिबन क्लब शैक्षणिक संस्थानों में छात्रें के लिए एक स्वैच्छिक ऑन–कैंपस हस्तक्षेप कार्यक्रम है। राज्य की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारीयों के सहयोग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।यह कार्यक्रम तीन सत्रें में आयोजित किया गया।प्रथम सत्र में एचआईवी एड्स पर विशेष परिचर्चा किया गया तथा टीचएड्स के माध्यम वीडियो दिखाया गया।द्वितीय सत्र में नशीले पदार्थो पर विशेष परिचर्चा किया गया तथा टीचएड्स के माध्यम वीडियो दिखाया गया। अंतिम सत्र में उपरोक्त दोनों सत्रें से छात्र–छात्राओं के सवालो एवं जिज्ञासाओं को विषय-विशेषज्ञ द्वारा को दूर किया गया।

**रेड रिबन क्लब के उद्देश्यों की जानकारी :** रेड रिबन क्लब के संयोजक एवं मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने रेड रिबन क्लब के उद्देश्यों को छात्र–छात्राओं के मध्य विस्तार से रखा। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि रेड रिबन क्लब के उद्देश्य युवाओं में एचआईवी एड्स और यौन रोगों से सम्बंधित उच्च जोखिम व्यवहार की जानकारी को विकसित करना है ताकि नए संक्रमण को कम किया जा सके, युवाओं में एचआईवी एड्स (पीएलएलए) से पीड़ित लोगों की मदद और सर्मथन करने की भावना पैदा करना, जिससे पीएलएचए के प्रति व्याप्त कलंक और भेदभाव को कम किया जा सके,युवाओं को प्रेरित करना और नेतृत्व, बातचीत और टीम निर्माण के लिए उनके कौशल को विकसित करके सहकर्मी शिक्षकों और परिवर्तन एजेंटों के रूप में उनकी क्षमता का निर्माण करना है तथा युवाओं के बीच स्वैच्छिक गैर–पारिश्रमिक रक्तदान को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित डॉ. अंकिता अग्रवाल, चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,फिंगेश्वर ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह क्लब स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करती है। एचआईवी के प्रति हमारी अज्ञानता जानलेवा साबित हो सकती है।हमें डरना नहीं समझना होगा खुले तौर पर चर्चा करना होगा बिना झिझक के कहना होगा तभी हम एड्स जैसे भयावह बीमारी से हम लड़ सकते हैं।

### इनका रहा योगदान

इस कार्यक्रम को सफल बनाने दलनायिका सोहद्रा सिन्हा एवं विनिशा साहू,दीवा संगठक फनेश्वरी साहू एवं कल्याण साहू,प्रेस विज्ञप्ति प्रभारी हेमशरण नेताम एवं कृति सिन्हा, सांस्कृतिक प्रभारी लोकेश्वरी साहू सहित आर्यन निर्मलकर, भूमिका, उर्वशी, केशरी, भूमिका, कल्याणी, ओमप्रकाश, कामेश्वरी, शीतल, सीमा, यशोधरा, मोनिका,णमिता हिमानी, मधु, लिसा, साधना, खिलेश्वरी, ललिता, पोषमणि, योगेश्वरी, गोमती,रत्ना,आरती, तुलसी, छाया मोनिका, नेहा, जितेश, मुकेश्वरी, टाकेश्वर, पूर्णिमा इत्यादि स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

